## CERTIFICATE IN ACCOUNTING TECHNICIANS
## FOUNDATION COURSE (ENTRY LEVEL)—PART I EXAMINATION

December 2009 *CAT–2(ACT)*

**Accounting**

Time Allowed: 3 Hours Full Marks: 100

*The figures in the margin on the right side indicate full marks.*

### SECTION I

*Answer* Question No. 1 *which is compulsory and* any two *questions from the rest of Section I.*

1. (a) In each of the following, one is correct. Indicate the correct answer. 1×9

(i) Till the discounted bill is paid by the acceptor it remains:

A. A contingent liability for the Acceptor.

B. A contingent liability for the Drawer.

C. A contingent liability for the Bank.

D. A liability for the Drawer.

(ii) Net worth is:

A. Total Assets Less Outside Liabilities.

B. Total liabilities plus Owners' equity.

C. Current Assets less Current liabilities.

D. Total Accumulated profit less Liabilities.

(iii) When cash is received for services rendered in the past:

A. Owners' equity increases.

B. Current assets increase.

C. Profit increases.

D. None of the above.

(iv) When an endorsed bill is dishonored, for the endorsee, it becomes the liability:

A. of the drawee.

B. of the drawer.

C. of the payee.

D. of the endorser.

(v) Life membership fees received by a non-profit organisation is treated as:

A. Revenue receipt.

B.Capital receipt.

C. Deferred revenue receipt.

D. Both revenue & capital receipt.

**Please Turn Over**

(vi) Increase in the value of opening stock results in which of the following:

A. Increase in gross profit and net profit.

B. Reduction in gross profit and increase in net profit.

C. No effect on net profit.

D. None of the above.

(vii) ———— method of stock valuation considers the purchase price of stock which entered the godown last.

A. FIFO.

B. LIFO.

C. Weighted average.

D. All the above method.

(viii) The Trial Balance checks:

A. Arithmetical Mistake.

B. Honesty of the book keeper.

C. Valuation of Closing Stock.

D. Nature of the business.

(ix) Expenses incurred in the formation of a company are shown in:

A. Debit side of P&L A/c.

B. As an asset in Balance Sheet.

C. As a liability in Balance Sheet.

D. Credit side of P&L A/c.

(b) Fill in the blanks: 1×5

(i) The withdrawal of money from the business by the owner for his personal use is called ————.

(ii) Effects of an event must be recognised in the same accounting period in which they are entered as per ———— concept.

(iii) If the current year's depreciation has to be shown in the trial balance, it would be shown in the ———— side of the trial balance.

(iv) The Depreciation mentioned under 1 (b) (iii) above is not ———— from the corresponding asset in the balance sheet.

(v) On return of goods to the seller by the buyer, the seller issues ———— note to the buyer.

(c) State with reasons whether the following statements are true or false. 2×8

(i) If the profit sharing ratio among the co-venturers is not given, the profit of the joint venture is distributed among the co-venturers in capital ratio.

(ii) Balances of personal accounts are carried forward to the next year.

(iii) Salary paid to Harish will be debited to his personal account.

(iv) A drawer himself may be the payee of a bills of exchange/cheque.

(v) Accumulated depreciation can be located in the debit side of the trial balance.

(vi) The accumulated in 1(c)(v) above is not deducted from the corresponding asset in the Balance Sheet.

(vii) Income received in advance is an asset.

(viii) Petty Cash is an expense.

2. (a) Based on the following information prepare a Bank Reconciliation Statement as on 31st December, 2008 and find the balance as per pass book: 6+1

(i) Bank overdraft as per cash book on 31.12.2008 Rs. 6,340;

(ii) Interest on overdraft for 6 months ending 31.12.2008 Rs. 160 is entered in pass book;

(iii) Bank charges amounted to Rs. 30 for the above period were entered in the pass book;

(iv) Cheques issued but not presented upto 31.12.2008 amounted to Rs. 1168;

(v) Cheques sent for collection to the bank but not collected upto 31.12.2008 amounted to Rs. 2,170;

(vi) Interest on investments collected by the bank and entered in the pass book Rs. 1200.

(b) Explain the following three statements in not more than 10 words each: 1×3

(i) P&L A/c is a Period Statement.

(ii) Balance Sheet is a Point of Time Statement.

(iii) Statement of Affairs is a Point of Time Statement.

3. (a) Shyam consigned 2,00,000 units @ Rs. 5/- each to Mr. Ram, and paid Freight and Insurance amounting to Rs. 1,00,000. Ram spent further the following amounts: 4

| | Rs. |
|---|---|
| (i) Insurance | 5,000 |
| (ii) Godown Rent | 4,000 |
| (iii) Clearing | 6,000 |

2,000 units were damaged during transit due to heavy rains.

Ram sold 1,00,000 units @ Rs. 10/-per unit.

Ram realised salvage value of damaged units Rs. 2,000/-

Ram is to get a commission @ 5% on sales.

Determine the abnormal loss.

(b) From the following information determine the cash and bank balance, as on 31.11.2009: 2

| | Rs. |
|---|---|
| Written Down value of Land & Building | 32,000 |
| Accumulated depreciaation on Land & Building | 2,000 |
| Insurance Premium paid in advance | 900 |
| Creditors | 13,000 |
| Debtors | 5,000 |
| Furniture | 12,000 |
| Capital | 55,000 |
| Cash & Bank Balance | ? |

(c) From the following information determine amounts to be transferred to the Profit & Loss Account: 2

| | Rs. |
|---|---|
| (i) Sundry Debtors as on 31.03.2009 | 50,000 |
| (ii) Provisions for debt as on 01.04.2008 | 4,000 |
| (iii) Bad debts written off during the year 2008-09 | 1,000 |
| (iv) Recovery of bad debts earlier written off | 1,000 |
| (v) Provision for bad and doubtful debt is maintained @ 5% | |

(d) Discuss the effects of not providing depreciation. Only two points need be given. 2

4. (a) Mohan sold goods on 1st September, 2009 for Rs. 2,00,000/- to Sohan. Sohan immediately accepted a 3 months bill. On the due date Sohan requested for the renewal of the bill for a further period of two months. Mohan agrees to pay interest @ 9% per annum to be included in the new bill. Determine the amount of the new bill. 1

(b) Pass journal entries in the current year for the rectification of following errors which were located after the final accounts of previous had been prepared. These errors relate to earlier year. Rate of depreciation on fixed assets is 10%: 4

(i) Purchase of a second hand scooter was debited to the conveyance account amounting to Rs. 5000/-

(ii) Cash received from Mr. Z was wrongly entered in the account of Y, amount being Rs. 4,000/-

(iii) Goods purchased from A was recorded in the sales book amounting to Rs. 15,000/-

(iv) A cheque for Rs. 500/- issued to the Supplier (Creditor) wrongly debited to purchases

(c) The cost of the machinery in use with a firm as on 1st April, 2008 was Rs. 2,50,000 against which depreciation provision stood at Rs. 1,05,000 on that date, the firm provides depreciation at 10% p.a. on SLM basis.
On 01.10.2008 two machines costing Rs. 15,000 and 12,000 each, both purchased on 1st Oct., 2005 had to be discarded and had to be replaced by two machines costing Rs. 20,000 & 15,000 each on the same date.

On of the discarded machine realised Rs. 8,000/- and the other is expected to realised Rs. 3,000/-. Prepare the following Accounts:

(i) Machine A/c

(ii) Machine Disposal A/c and

(iii) Provision for Depreciation A/c for the year ended 31st March, 2009. 1+2+2

## SECTION II

*Answer* Question No. 5 *which is compulsory and* any two *questions from the rest in the Section II.*

5. (a) In each of the following, one of the alternatives is Correct. Indicate the correct one. 1×10

(i) Cost of normal waste of material under contract costing is debited to:

A. Contract A/c

B. Trading A/c

C. Material A/c

D. P&L A/c

(ii) Variable Costs are fixed:

A. For a period

B. Per unit

C. Depends upon the entity

D. For a particular process of production

(iii) When re-ordering quantity is 300 units, minimum usages is 20 units, minimum lead time is 5 days, maximum stock 400 units, re-ordering level will be:

A. 300 units

B. 200 units

C. 400 units

D. 100 units

(iv) When over-absorption of overheads is Rs. 20,000 and the actual machine hour were 50,000. The overhead rate per machine hour is Rs. 5/-. Actual overheads would be:

A. Rs. 5,00,000

B. Rs. 2,30,000

C. Rs. 2,50,000

D. Rs. 2,70,000

(v) When Break-even sales is 12,000 units, selling price per unit Rs. 10/-, Maximum sales is 20,000 units. The margin of safety is·

A. Rs. 70,000

B. Rs. 80,000

C. Rs. 60,000

D. Rs. 50,000

(vi) A company with fixed costs amounting to Rs. 50,000 seeks to earn a profit @ 20% of selling price. The selling price is Rs. 20/- per unit and the variable costs are Rs. 15/- per unit. The units sold will be:

A. 50,000

B. 60,000

C. 25,000

D. None of the above

(vii) The concept of EOQ has been losing its shade since the introduction of:

A. Perpetual Inventory System

B. JIT Inventory System

C. FIFO

D. LIFO

(viii) In an increasing price trend, value of closing stock of inventory would be higher under:

A. FIFO

B. LIFO

C. Actual Cost

D. Average Cost

(ix) Costing method in which fixed overheads are included in the cost of inventory is

A. Variable costing

B. Direct Costing

C. Absorption Costing

D. Process Costing

(x) If sales is Rs. 2,70,000, variable costs are 60%, Fixed Costs are Rs. 1,00,000, BEP would be:

A. Rs. 1,00,000

B. Rs. 2,00,000

C. Rs. 2,20,000

D. Rs. 2,50,000

(b) (i) Determine the machine hour rate from the following information: 2

| | |
|---|---|
| Days available during the year 2008-09 | 306 days |
| Machine hours available | 8 hours per day |

Expenses

| | Rs. |
|---|---|
| Power | 2,79,600 |
| Lighting | 20,000 |
| Lubrication oil | 40,000 |
| Repairs | 1,00,000 |
| Depreciation | 50,000 |
| Salary of Directors | 1,00,000 |

(ii) (A) Standard hours for a job 1000 hours

(B) Incentive is allowed on percentage of time saved compared to standard hours.

(C) Rate of pay per hour Rs. 2/-

(D) Incentive scheme are as follows

| % of time saved | Bonus |
|---|---|
| Saving upto 10% | 10% of time saved |
| Saving between 11% and 20% | 15% of time saved |
| Saving between 21% and 40% | 20% of time saved |

Determine the earnings of Ram who completed the job in 900 hours. 2

(iii) Fixed costs are always fixed. Do you agree? 2

(iv) Discuss in brief the accounting treatment of the material loss arising out of avoidable causes. 2

(v) How the cost of unavoidable labour turnover is treated in cost accounts? 2

(c) State with reasons whether the following statements are true or false. 2×5

(i) The cost of abnormal waste of materials in a contract is transferred to the costing P&L A/c.

(ii) The break even point remains the same even if the fixed costs are reduced.

(iii) In Contract Costing the work-in-progress does not include uncertified work.

(iv) Fixed overheads per unit will reduce as production rises.

(v) There is no difference between marginal cost and differential cost.

6. (a) Ramnath Ltd. manufactures and sells a typical brand of tiffin boxes under its on brand name. The installed capacity of the plant is 1,20,000 units per year distributable evenly over each month of calender year. The cost accountant of the company has informed the following cost structure of the product, which is as follows:

Raw Material Rs. 20 per unit.

Direct labour Rs. 12 per unit.

Direct expenses Rs. 2 per unit.

Variable overheads Rs. 16 per unit.

Fixed overheads Rs. 3,00,000 per year.

Semi-variable overheads are as follows:

(i) Rs. 7,500 per month upto 50% capacity &

(ii) Additional Rs. 2,500 per month for every additional 25% capacity utilisation or part thereof, the plant was operating at 50% capacity during the first seven months of the calendar year 2009, at 100% capacity in the remaining months of the year.

The selling price for the period from 1st Jan, 2009 to 31st July 2009 was fixed at Rs. 69 per unit. The firm has been monitoring the profitability and revising the selling price to meet its annual profit target of Rs. 8,00,000. You are required to suggest the selling price per unit for the period from 1st August 2009 to 31st December 2009.

Prepare cost sheet clearly showing the total and per unit cost and also profit for the period.

(A) from 1st Jan. to 31st July 2009.

(B) from 1st Aug. to 31st Dec. 2009. 3+3

(b) Discuss the uses of Break Even Analysis. How P/V Ratio can be improved? 2+2

7. (a) Rama & Co. undertook a contract for Rs. 2,80,000 for constructing a building. The following is the information concerning the contract during the year 2009:

| Particulars | Rs. |
|---|---|
| Materials Purchased | 95,000 |
| Labour engaged on site | 75,000 |
| Plant installed at site at cost | 25,000 |
| Direct expenditure | 3,000 |
| Other charges | 5,000 |
| Materials sent to site | 90,000 |
| Materials returned to stores | 600 |
| Work certified | 2,00,000 |
| Value of plant as on 31st Dec., 2009 | 15,000 |
| Cost of work not yet certified | 5,000 |
| Material at site 31st Dec., 2009 | 1,900 |
| Wages accrued 31st Dec., 2009 | 2,500 |
| Direct expenditure accrued 31st Dec., 2009 | 250 |
| Cash received from contractee | 1,90,000 |

Prepare contract account in the books of Rama & Co. for the year ending 31st Dec., 2009 and show

(i) the total profit and

(ii) profit to be carried over to Profit and Loss A/c. 6+2

(b) What is Bin Card? Give its specimen. 1+1

8. (a) Closing stock lying on the last day of accounting year is valued at market price. Whether valuation is acceptable. 2

(b) From the following information, Calculate

(i) the overhead absorption rate based on direct labour hours

(ii) the overhead absorption rate based on machine hours

(iii) under absorption of overheads and

(iv) over absorption of overheads

| | | Budgeted | Actual |
|---|---|---|---|
| Direct Material | Rs. | 1,10,000 | 1,20,000 |
| Direct Labour | Rs. | 2,20,000 | 2,40,000 |
| Production overheads | Rs. | 2,20,000 | 2,10,000 |
| Direct Labour Hours | | 50,000 | 60,000 |
| Machine Hours | | 55,000 | 60,000 |

1×4

(c) For ABC Ltd., if the margin of safety is Rs. 2,40,000 (40% of sales) and P/V ratio is 30%. Calculate:

(i) Break Even Sales

(ii) Amount of Profit on Sales of Rs. 9,00,000

(iii) Sales for a profit of Rs. 50,000

(iv) Total Variable Costs 1×4

## CERTIFICATE IN ACCOUNTING TECHNICIANS
## FOUNDATION COURSE (ENTRY LEVEL)—PART I EXAMINATION

December 2009

*CAT–2(ACT)*
*(Hindi)*

### लेखांकन

स्वीकृत समय : 3 घन्टे  पूर्णांक : 100

*The figures in the margin on the right side indicate full marks.*

*In case of any discrepancy, examinees are advised to follow the* ***English*** *version.*

### भाग I

प्रश्न संखा **एक** अनिवार्य है तथा इस खण्ड से अन्य कोई **2** प्रश्न करने है।

1. (a) निम्नलिखित में से कोई एक सही उत्तर है, वह कौन सा है? 1×9

(i) जब तक भुनाये गये बिल का स्वीकृता द्वारा भुगतान न कर दिया जाये तब तक वह:
- A. स्वीकृता का संयोगिक दायित्व रहता है
- B. लेखक का संयोगिक दायित्व रहता है
- C. बैंक का संयोगिक दायित्व रहता है
- D. लेखक का दायित्व रहता है

(ii) शुद्ध मूल्य (Net Worth) होता है:
- A. कुल सम्पत्तियां (–) बाह्य दायित्व
- B. कुल दायित्व (+) स्वामित्व समता
- C. चालू सम्पत्तियां (–) चालू दायित्व
- D. कुल संचित लाभ (–) दायित्व

(iii) जब पूर्व में प्रदत्त सेवा के बदले नकदी प्राप्त होती है तो:
- A. स्वामित्व समता बढती है
- B. चालू सम्पत्तियां बढती है
- C. लाभ बढ़ता है
- D. उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) जब एक पृष्ठांकित बिल अनादृत होता है तो पृष्ठांकिती के तुरन्त प्रति उत्तरदायी होता है:
- A. आहरिती
- B. लेखक
- C. अदाता
- D. पृष्ठांकनकर्ता

(v) गैर लाभ संगठनों में आजीवन सदस्यता शुल्क को माना जाता है
- A. आगम प्राप्ति
- B. पूंजी प्राप्ति
- C. स्थगित आगम प्राप्ति
- D. पूंजी व आगम प्राप्ति दोनों

(vi) वर्तमान वर्ष के अन्त में रहतिये के अधिमूल्यन का अगले वर्ष में निम्नलिखित में से किस पर प्रभाव पड़ता है:

A. शुद्ध एवं सकल लाभ में वृद्धि

B. सकल लाभ में कमी एवं शुद्ध लाभ में वृद्धि

C. सकल व शुद्ध लाभ में कमी

D. कोई प्रभाव नहीं

(vii) ————— पद्धति के अन्तर्गत माल का क्रय मूल्य जो कि बेचे गये माल की लागत में सम्मिलित होता है वह होता है जो कि गोदाम में बाद में आता है।

A. FIFO

B. LIFO

C. भारित माध्य

D. उपरोक्त सभी

(viii) तलपट से जांच होती है

A. पुस्तकों की गणितीय शुद्धता की

B. बुक–कीपर की ईमानदारी की

C. अन्तीम रहतिये के मूल्यांकन की

D. व्यापार की प्रकृति की

(ix) कम्पनी के समामेलन के व्यय दिखाये जाते है:

A. लाभ हानि खाते के डेबिट पक्ष में

B. चिट्ठे में सम्पत्तियों में

C. चिट्ठे में दायित्वों में

D. लाभ हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में

(b) रिक्त स्थानों को भरिए: 1×5

(i) व्यवसाय के स्वामी द्वारा व्यवसाय से अपने व्यक्तिगत प्रयोग के लिये निकाले गये धन को ————— कहते है।

(ii) किसी मौद्रिक घटना के प्रभाव को उसी लेखांकन वर्ष में दर्ज करना ————— अवधारणा पर आधारित है।

(iii) यदि चालू वर्ष का ह्रास तलपट में दिखाया गया है तो यह ह्रास तलपट में ————— पक्ष में लिखा गया होगा।

(iv) उपरोक्त 1.b.(iii) में अंकित ह्रास को चिट्ठे में सम्बन्धित सम्पत्ति में से ————— जायेगा।

(v) क्रेता द्वारा विक्रेता को माल वापिस करने पर विक्रेता क्रेता को ————— नोट भेजता है।

(c) कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित कथन सही है या गलत: 2×8

(i) यदि सह–साहसियों में आपस में लाभ हानि का अनुपात नहीं दिया हुआ है तो वें लाभ को पूंजी के अनुपात में बांटते है।

(ii) व्यक्तिगत खातों के शेषों को अगले वर्ष ले जाया जाता है।

(iii) हरीश को भुगतान किया गया वेतन उसके व्यक्तिगत खाते में डेबिट किया जाएगा।

(iv) बिल/चैक का लेखक स्वयं भी उसका अदाता हो सकता है।

(v) संचित ह्रास को तलपट के डेबिट पक्ष में पाया जाता है।

(vi) उपरोक्त 1.c.(v) में वर्णित ह्रास को चिट्ठे में सम्बन्धित सम्पत्ति में नहीं घटाते है।

(vii) अग्रिम प्राप्त आय हमारी सम्पत्ति होती है।

(viii) खुदरा टोकड़ एक व्यय है।

2. (a) निम्नलिखित सूचनाओं से 31.12.2008 को एक बैंक समाधान विवरण बनाइये एवं पास बुक काजमा शेष ज्ञात कीजिए: 7

(i) रोकड़ बही के अनुसार 31.12.2008 को बैंक अधिविकर्ष 6,340 रु०।

(ii) 31.12.2008 को अधिविकर्ष पर 6 माह का ब्याज जो बैंक ने पासबुक में दर्ज किया 160 रु०।

(iii) उपरोक्त अवधि के बैंक चार्ज 30 रु० बैंक ने पासबुक में दर्ज कर किये।

(iv) 31.12.2008 तक 1,168 रु० के चैक जो ग्राहकों में भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किये।

(v) ग्राहकों ने बैंक में संग्रहण के लिए 2,170 रु० के चैक जमा किये थे जो 31.12.2008 तक वसूल नहीं हो सके।

(vi) बैंक ने विनियोगों पर ब्याज 1,200 रु० संग्रहित किया और पासबुक में दर्ज कर दिया।

(b) निम्न तीन कथनों की अधिकतम 10 शव्दों में व्याख्या कीजिए: 1×3

(i) लाभ–हानि खाता सामयिक विवरण है।

(ii) आर्थिक चिट्ठा एक निश्चित तिथी को आर्थिक स्थिति दर्शाता है।

(iii) स्थिति विवरण एक निश्चित तिथी को स्थिति दर्शाता है।

3. (a) श्याम ने राम को 2,00,000 इकाईयां 5 रु० प्रति इकाई की दर से प्रेषण पर भेजी और भाड़े और बीमे पर 1,00,000 रु० व्यय चुकाये। राम ने निम्नलिखित व्यय किये: 4

| | Rs. |
|---|---|
| (i) बीमा | 5,000 |
| (ii) गोदाम किराया | 4,000 |
| (iii) क्लियरिंग व्यय | 6,000 |

भारी वर्षा के कारण 2,000 इकाईयां मार्ग में क्षतिग्रस्त हो गयी।

राम ने 1,00,000 इकाईयां 20 रु० प्रति इकाई की दर से बेच दी तथा उसने क्षतिग्रस्त इकाईयों से 2,000 रु० वसूल किये। राम को बिक्री पर 5% कमीशन मिलता है। असाधारण हानि की गणना कीजिए।

(b) निम्नलिखित सूचना से 31.03.2009 को रोकड़ व बैंक शेष की राशि ज्ञात कीजिए: 2

| | Rs. |
|---|---|
| भूमि व भवन का ह्रासित मूल्य | 32,000 |
| भूमि व भवन पर संचित ह्रास | 2,000 |
| अग्रिम चुकाया गया बीमा | 900 |
| लेनदार | 13,000 |
| देनदार | 5,000 |
| फर्नीचार | 12,000 |
| पूंजी | 55,000 |
| रोकड़ व बैंक शेष | ? |

(c) निम्न सूचनाओं से लाभ–हानि खाते को हस्तान्तरित की जाने वाली रकम की गणना कीजिए: 2

| | Rs. |
|---|---|
| (i) 31.03.2009 को देनदार | 50,000 |
| (ii) 01.04.2008 को डूबत ऋण के लिए प्रावधान | 4,000 |
| (iii) वर्ष 2008-09 में अपलिखित डूबत ऋण | 1,000 |
| (iv) पूर्व के वर्ष में अपलिखित डूबत ऋणों से प्राप्तियां | 1,000 |

(v) डूबत एवं संदेहजनक ऋणों के लिए प्रावधान को 5% बनाये रखना है

(d) ह्रास का प्रावधान न करने के कोई दो प्रभाव बताइये। 2

4. (a) मोहन ने 1 सितम्बर 2009 को 2,00,000 रु० का माल सोहन को बेचा तथा तुरन्त उस पर तीन माह की अवधि का एक विनिमय विपत्र लिखा जिसे सोहन ने तुरन्त स्वीकार कर लिया। देय तिथि पर सोहन ने बिल को दो और माह के लिए नवीकरण की प्रार्थना की जिसे मोहन ने इस शर्त पर स्वीकार किया कि नये बिल में 9% वार्षिक की दर से ब्याज जोड़ा जाएगा। नये बिल की रकम ज्ञात कीजिए। 1

(b) निम्नलिखित पूर्व के वर्षों की अशुद्धियों के सुधार के जर्नल लेखे चालू वर्ष में दीजिए। पिछले वर्ष के अन्तिम खाते तैयार हो चुके हैं। स्थायी सम्पत्तियों पर ह्रास की दर 10% है। 4

(i) 5,000 रु० का एक पुराना स्कूटर खरीदा गया जिसे आवगमन व्यय में डेबिट कर दिया गया।

(ii) Z से प्राप्त 4,000 रु० की धनराशी को गलती से Y के खाते में लिख दिया गया।

(iii) A से क्रय किये गये 15,000 रु० के माल को विक्रय बही में लिख दिया गया।

(iv) आपूर्तिकर्ता (लेनदार) को निर्गमित किये गये 500 रु० के चैक को क्रय खाते में डेबिट कर दिया गया।

(c) 01.04.2008 को प्रयोग की जा रही मशीन की लागत 2,50,000 रु० तथा उसके लिए संचित ह्रास खाते का शेष 1,05,000 रु० था। फर्म ह्रास 10% वार्षिक की दर से स्थायी किस्त पद्धति से ह्रास लगाती है।

01.10.2008 को जो दो मशीनें क्रमश: 15,000 रु० तथा 12,000 रु० की थी तथा जिन्हें 01.10.2005 को क्रय किया गया था उन्हें क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रयोग से बाहर कर दिया गया। इनके स्थान 01.10.2008 को ही दो नयी मशीनें 20,000 रु० और 15,000 रु० की क्रय की गयी। निष्कासित मशीनों में से पहली से 8,000 रु० प्राप्त हुए तथा दूसरी से 3,000 रु० वसूल होने की आशा है।

31.03.2009 को समाप्त वर्ष को निम्नलिखित बनाइये: 5

(i) मशीन खाता,

(ii) मशीन डिस्पोजल खाता, तथा

(iii) मशीन संचित ह्रास खाता।

भाग II

प्रश्न संखा पांच अनिवार्य है तथा इस खण्ड से अन्य कोई **2** प्रश्न करने है।

5. (a) निम्नलिखित में से प्रत्येक में एक विकल्प सही है वह कौन-सा है? 1×10

(i) सामान्य क्षति को ठेका लेखांकन में किस खाते में डेबिट किया जाता है:

A. ठेका खाता

B. व्यापार खाता

C. माल खाता

D. लाभ-हानि खाता

(ii) परिवर्तनशील लागतें स्थायी होती है:

A. एक निश्चित समय के लिए

B. प्रति इकाई

C. संस्था पर निर्भर करती है

D. एक निश्चित प्रक्रिया पर निर्भर करती है।

(iii) यदि पुन: आदेशित मात्रा 300 इकाई हो, न्यूनतम प्रयोग की दर 20 इकाईयां हो, माल आने में लगने वाला समय 5 दिन और अधिकतम स्टॉक 400 इकाईयां हो तो पुन: आदेश स्तर होगा:

A. 300 इकाईयां

B. 200 इकाईयां

C. 400 इकाईयां

D. 100 इकाईयां

(iv) जब उपरिव्ययों का 20,000 रु० अधिक अवशोषण हो, वास्तविक मशीन घण्टे 50,000 एवं उपरिव्ययों की अवशोषण दर 5 रु० प्रति घण्टा हो तो वास्तविक व्यय होंगे:

A. 5,00,000 रु०

B. 2,30,000 रु०

C. 2,50,000 रु०

D. 2,70,000 रु०

(v) यदि सम-बिन्दु विक्रय 12,000 इकाईयां, विक्रय मूल्य 10 रु॰ प्रति इकाई एवं अधिकतम विक्रय 20,000 इकाईयां है तो मार्जिन ऑफ सेफ्टी है:

A. 70,000 रु॰

B. 80,000 रु॰

C. 60,000 रु॰

D. 50,000 रु॰

(vi) एक कम्पनी जिसकी स्थायी लागत 50,000 रु॰ आती है विक्रय मूल्य का 20% लाभ कमाना चाहती है। विक्रय मूल्य 20 रु॰ प्रति इकाई और परिवर्तनशील लागत 15 रु॰ प्रति इकाई है। तो विक्रय की जाने वाली इकाईयों की संख्या होगी:

A. 50,000 इकाईयां

B. 60,000 इकाईयां

C. 25,000 इकाईयां

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

(vii) किसके प्रयोग से EOQ की अवधारणा की आवश्यकता कम होती जा रही है:

A. शास्वत स्कन्ध पद्धति

B. JIT स्कन्ध पद्धति

C. FIFO

D. LIFO

(viii) जब मूल्यों में बढ़नें का रूझान हो तब अन्तिम रहतिये का मूल्य निम्न में से किस पद्धति से अधिक आयेगा:

A. FIFO

B. LIFO

C. वास्तविक लागत पद्धति

D. औसत लागत पद्धति

(ix) स्टॉक की लागत की गणना करने के लिये जिस पद्धति में स्थायी उपरिव्ययों को सम्मिलित किया जाता है वह पद्धति है:

A. परिवर्तनशील लागत पद्धति

B. स्थायी लागत पद्धति

C. अवशोषण लागत पद्धति

D. प्रक्रिया लागत पद्धति

(x) यदि बिक्रि 2,70,000 रु॰ परिवर्तनशील लागतें 60% तथा स्थायी लागत 1,00,000 रु॰ है सम-विच्छेद बिन्दु होगा:

A. 1,00,000 रु॰

B. 2,00,000 रु॰

C. 2,20,000 रु॰

D. 2,50,000 रु॰

(b) (i) निम्न सूचनाओं से मशीन घण्टा दर ज्ञात कीजिए: 2

| | |
|---|---|
| वर्ष 2008-09 में उपलब्ध कुल दिन | 306 दिन |
| उपलब्ध मशीन घण्टे | 8 घण्टे प्रति दिन |
| व्यय— | |
| | रु० |
| पावर | 2,79,600 |
| रोशनी | 20,000 |
| लुब्रीकैण्ट ऑयल | 40,000 |
| मरम्मत | 1,00,000 |
| ह्रास | 50,000 |
| डायरेक्टरों का वेतन | 1,00,000 |

(ii) (A) एक कार्य के लिए प्रमापित घण्टे 1000

(B) जबकि प्रोत्साहन बोनस बचाये गये समय के लिए प्रमाणित समय के प्रतिशत के रूप में दिया जाता हो और यदि राम उस कार्य को 900 घण्टे में पूरा करता है तो निम्नलिखित विभिन्न परिस्थितियों में राम को कुल कितनी मजदूरी मिलेगी

(C) प्रति घण्टा दर Rs. 2/-

(D) प्रोत्साहन स्कीम

| बचाया गया समय % में | बोनस |
|---|---|
| 10% तक | बचाये गये समय का 10% |
| 11 से 20% तक | बचाये गये समय का 15% |
| 21 से 40% तक | बचाये गये समय का 20% |

2

(iii) स्थायी लागतें हमेशा स्थायी रहती है। क्या आप सहमत है? 2

(iv) रोके जा सकते वाले कारणों से होने वाले माल के नुकसान को खातों में किस प्रकार से दर्शायेंगे? 2

(v) अपरिहार्य कारणों से हानी वाली श्रम आवर्त लागत को लागत लेखों में किस प्रकार दर्ज करेंगें? 2

(c) कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य: 2×5

(i) एक ठेके में माल की असामान्य क्षति को लागत लाभ-हानि खाते में हस्तान्तरित करेंगें।

(ii) स्थायी लागत को कम करने पर भी सम-लाभ बिन्दु समान रहता है।

(iii) ठेका खातों में अप्रमाणित कार्य अपूर्ण कार्य में सम्मिलित नहीं होता।

(iv) प्रति इकाई स्थायी उपरिव्यय उत्पादन बढ़ने से कम हो जाते है।

(v) सीमान्त एवं वद्धिशील लागतों में कोई अन्तर नहीं है।

6. (a) रामनाथ लिमिटेड टिफिन बॉक्स बनाती एवं अपने ब्राण्ड नाम से बेचती है। प्लाट की स्थापित क्षमता 1,20,000 इकाइ प्रति वर्ष है जो कि वर्ष के प्रत्येक माह में समान रूप से वितरित है। कम्पनी के लागत लेखापालक ने आपको निम्न लागत प्रारूप उपलब्ध कराया है: 3+3

कच्चा माल 20 रु० प्रति इकाई

प्रत्यक्ष श्रम 12 रु० प्रति इकाई

परिवर्तनशील उपरिव्यय 16 रु० प्रति इकाई

स्थायी उपरिव्यय 3,00,000 रु० प्रति वर्ष

अर्ध–परिवर्तनशील उपरिव्यय निम्न प्रकार है:

(i) 50% क्षमता तक 7,500 रु० प्रति माह, और

(ii) उसके ऊपर प्रत्येक 25% क्षमता या उसका कोई भाग प्रयोग करने पर 2,500 रूपये अलग से। वर्ष 2009 में प्लान्ट ने शुरु के सात माह तक 50% क्षमता पर और बाकी माह 100% क्षमता पर कार्य किया।

1 जनवरी से 31 जुलाई 2009 तक बिक्री मूल्य 69 रु० प्रति इकाई रखा गया। कम्पनी का वार्षिक लाभ का लक्ष्य 8,00,000 रु० है। आपको 1 अगस्त 2009 से लेकर 31 दिसम्बर 2009 तक का प्रति इकाई विक्रय मूल्य ज्ञात करना है ताकि लाभ का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

लागत विवरण पत्र बनाइये जिससे कि प्रति इकाई लागत एवं लाभ निम्नलिखित अवधि के लिए ज्ञात किया जा सके:

(A) 1 जनवरी से 31 जुलाई 2009 तक, एवं

(B) 1 अगस्त से 31 दिसम्बर 2009 तक।

(b) सम–विच्छेद विश्लेषण के विभिन्न उपयोगों को समझाइये। लाभ–मात्रा अनुपात में किस प्रकार सुधार किया जा सकता है? 2+2

7. (a) राम एण्ड कं० ने भवन बनाने के लिए 2,80,000 रु० में एक ठेका लिया। वर्ष 2009 में निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर ठेके का

(i) कुल लाभ व

(ii) लाभ–हानि खाते को ले जाये जाने वाला लाभ ज्ञात कीजिए। 6+2

| विवरण | रु० |
|---|---|
| माल खरीदा | 95,000 |
| कार्यस्थल की मजदूरी | 75,000 |
| कार्यस्थल पर स्थापित प्लान्ट की लागत | 25,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | 3,000 |
| अन्य व्यय | 5,000 |
| कार्यस्थल को भेजा गया माल | 90,000 |
| स्टोर को लौटाया गया माल | 600 |
| प्रमाणित कार्य | 2,00,000 |
| 31.12.2009 को प्लान्ट का मूल्य | 15,000 |
| अप्रमाणित कार्य का मूल्य | 5,000 |
| 31.12.2009 कार्यस्थल पर शेष माल | 1,900 |
| 31.12.2009 को अदत्त मजदूरी | 2,500 |
| 31.12.2009 को अदत्त प्रत्यक्ष व्यय | 250 |
| ठेकादाता से प्राप्त रकम | 1,90,000 |

(b) बिन कार्ड क्या है? इसका नमूना दीजिये। 1+1

8. (a) बर्ष के अन्त में शेष रहतिये का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है। क्या यह कथन स्वीकार्य है 2

(b) निम्नलिखित सूचना से ज्ञात कीजिए: 1×4

(i) प्रत्यक्ष श्रम घण्टों पर आधारित उपरिव्ययों की दर।

(ii) प्रत्यक्ष मशीन घण्टों पर आधारित उपरिव्ययों की दर।

(iii) उपरिव्ययों का अति अवशोषण।

(iv) उपरिव्ययों का न्यून अवशोषण।

| | | बजट | वास्तविक |
|---|---|---|---|
| प्रत्यक्ष सामाग्री | Rs. | 1,10,000 | 1,20,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम | Rs. | 2,20,000 | 2,40,000 |
| उत्पादक उपरिव्यय | Rs. | 2,20,000 | 2,10,000 |
| प्रत्यक्ष श्रम घण्टें | | 50,000 | 60,000 |
| प्रत्यक्ष मशीन घण्टें | | 55,000 | 60,000 |

(c) यदि ABC Ltd. सुरक्षा सीमा 2,40,000 (बिक्री का 40%) तथा लाभ मात्रा अनुपात 30: हो तो ज्ञात कीजिए: 4

(i) सम–विच्छेद बिक्री,

(ii) 9,00,000 रु० की बिक्री पर लाभ,

(iii) 50,000 रु० लाभ के लिये बिक्री,

(iv) कुल परिवर्तनशील लागतें।